# EKAL SHAKTI

Vanbandhu Parishad - Rashtriya Mahila Samiti

Vol. XVII Aug - Sept `22

Festival Celebration
Sankranti Sangrah
Prachar Prasar
CSR Activity
Seva Patra

Exhibition cum Sale
Hand to Hand Sale
Anchal Vikas
Ekal Drive
Vanyatra

जननी करे प्रयास जन्मभूमि के उत्थान का,
अष्टभुजा में थाम रही निश्चय हर आयाम का।
आत्मशक्ति, आत्मनिर्भरता जगाने को है प्रतिबद्ध,
पंचमुखी शिक्षा द्वारा विकास हेतु संकल्पबद्ध।

# अध्यक्षीय मनोगत

## सतत प्रयास

स्वामी विवेकानंद का बहुत लोकप्रिय कथन है 'उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य को न पालो'।

सतत प्रयास करें तो हमें सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। यही कहानी है वनबंधु परिषद् की, जिसकी स्थापना 15 जनवरी, सन् 1989 में हुई थी। जब गांवों में शिक्षा के कोई संसाधन नहीं थे, चारों तरफ अशिक्षा और गरीबी का अंधकार था, तब हमने पहल की गांवों में एकल विद्यालय खोलने की। सुदूर गांवों में काम करना, अपने कार्यों का निरंतर निरीक्षण करते रहना कोई आसान काम नहीं था। वन बंधु परिषद के समर्पित कार्यकर्ताओं के सतत प्रयास और समर्पण के कारण ही यह संभव हो पाया, जिन्होंने माना कि 'गांव पढ़ेगा तो देश बढ़ेगा'। इस लिए पंचमुखी शिक्षा को हमने हमारा ध्येय बनाया और विद्यालयों के माध्यम से शिक्षा, संस्कार, जागरूकता, आत्मनिर्भरता और स्वास्थ्य के प्रति ग्रामीण बच्चों तथा उनके परिवारों को प्रेरित किया। गांवों में साप्ताहिक सत्संग की योजना बनाई गई ताकि प्रत्येक ग्रामवासी अपने मूल से जुड़ा रहे और नशाबंदी से छुटकारा मिल सके। ग्राम गोष्ठियों के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में गांव वालों को अवगत कराना, स्वास्थ्य और परिवेश की स्वच्छता तथा जैविक खेती के प्रति जागृत करना इत्यादि बिन्दुओं पर जागरूकता लाने का प्रयास प्रारंभ किया गया। हालांकि आज प्रायः सभी गांवों में सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत सरकारी विद्यालय हैं और कई प्राइवेट विद्यालय भी संचालित हो रहे हैं, लेकिन फिर भी एकल विद्यालय में बच्चों की तथा उनके माता पिता की विशेष रुचि रहती है क्योंकि यहां खेल खेल में बच्चों को संस्कार, शिक्षा तथा देश प्रेम की भावना द्वारा एक अच्छा नागरिक बनने की प्रेरणा मिलती है। साथ ही गांव वालों के लिए एकल एक मित्र की तरह उनके सुख दुःख का साथी बन गया है। जागरूकता के कारण ही एकल विद्यालय का हर गांव एक प्रहरी के रूप में अपने गांवों की रक्षा करता है ताकि कोई भी नकारात्मक गतिविधियां वहां तक पहुंच न पाए।

सतत विकास ऐसा विकास है जो वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति करने के साथ ही अन्य विकास कार्य पर भी समझौता किए बिना आगे बढ़े। इसीलिए हमने 350 संचों अर्थात 10,500 गांवों में 15 बिंदुओं पर विकास कार्य करने का संकल्प लिया है। इस विकास कार्य के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी बनाने के लिए कुटीर उद्योग प्रारंभ करने की जिम्मेदारी महिला समितियों को दी गई है। शहर का संभ्रांत समाज; पुरुष, महिला और युवा आज एकल के नवीनीकरण और विकास कार्य में तन मन धन से जुड़ा हुआ है। नवीनीकरण और नियोजित योजनाओं के माध्यम से हमें पूर्ण विश्वास है कि हम हमारे गांवों का और भी विकास करने में सक्षम होंगे।

तत्कालीन राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के कर कमलों द्वारा, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी की उपस्थिति में प्राप्त 2017 का गांधी पीस पुरस्कार हमें हमारे कर्तव्य पथ पर सर्वदा आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा।
आइए हम सब मिलकर एकल के कार्यों को आगे बढ़ाएं और देश के उत्थान कार्य में अपनी अपनी आहुतियां दें।

आओ वहां दीप जलाएं, जहां अभी अंधेरा है।
आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभ कामनाएं!

जय भारत! जय एकल!
वनबंधु परिषद - राष्ट्रीय महिला समिति
लता मालपानी, अध्यक्ष

# सचिव की कलम से

प्रिय बहनों,
राम राम - एकल अभिवादन।
आप सभी दीपावली के कार्यों में व्यस्त होंगी। दीप पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ।
अक्टूबर नवम्बर समितियों के लिए वर्ष का व्यस्ततम समय होता है। नवरात्रि, शरद पूर्णिमा और दीपावली यही उत्सव व रौनक़ का समय भी है और इसी अवसर पर हमारे सम्पर्क से सदस्यता विस्तार हो पाता है। हम सम्पर्क से महिलाओं को संगठन से जोड़ते हैं, बाद में भावना बनने पर सब कार्यकर्ता में परिवर्तित हो जातीं हैं। हम सबकी भी यही कहानी है। त्योहारों के माध्यम से हमारी धर्म के प्रति आस्था गहरी होती है, हर्षोल्लास का वातावरण भी बनता है व कार्य वितरण से समिति का आपसी जुड़ाव भी मजबूत होता है।

सभी समितियों की रिपोर्ट में देख रही हूँ कि सदस्य संख्या में नवरात्रि में काफ़ी वृद्धि हुई है ये बहुत ही उत्साहवर्धक सूचना है। इस बार भोपाल में केंद्र की AGM में पहली बार सभी महिला समितियों के अध्यक्ष व सचिव आमंत्रित थे। बृहद् आयोजन था। ये हमारे लिए बहुत ही गौरव की बात है कि हमारी लगन और मेहनत रंग लाई और उन्होंने महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण समझा व विभिन्न ज़िम्मेदारी सौंपने का निश्चय किया। बड़ी संख्या में महिलाएँ उपस्थित थीं और काफ़ी कुछ सीखने को भी मिला। भोपाल ने बहुत ही शानदार व्यवस्था की; उसके लिए सभी महिला समितियों की तरफ़ से हार्दिक आभार प्रकट करती हूँ। भोपाल महिला समिति ने चैप्टर के कंधे से कंधा मिलाकर आतिथ्य में अपना योगदान दिया। प्रसिद्ध पर्वतारोही श्रीमती ज्योति आत्रे अंतिम दिन उपस्थित थीं। उन्होंने बहुत ही प्रेरणादायी उद्बोधन दिया कि किस तरह से उन्होंने अपने बच्चों के बड़े होने के बाद पर्वतारोहण का सोचा। संकल्प के बाद एक क्षण को भी बेकार नहीं होने दिया। गृहकार्य करते समय भी इतना वजन अपने पैरों और पेट पर बाँध लेती थी ताकि अभ्यास होता रहे। ऐसे प्रेरणा के पल हमें सिखाते हैं कि किसी भी परिस्थिति में हतोत्साहित न होकर अपने लक्ष की ओर बढ़ते जाना है।

भविष्यवक्ता कहते है कि इक्कीसवीं सदी महिलाओं की होगी। कुछ आसार नज़र आने लगे हैं। जिस तरह से हर क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियां बढ़ रही हैं ये बात सत्य होती दिखाई दे रही है। ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता कुटीर उद्योग के माध्यम से हमें बढ़ानी है। यही आगे हमारा लक्ष है। कहते हैं, सबसे अधिक समय प्लानिंग में लगाना ही जापान की कार्यसफलता की कुंजी है। इस योजना के लिए बहुत विस्तार से विचार व योजना बद्ध से कार्य आरम्भ करना होगा।आपको अपने क्षेत्र के प्रसिद्ध व उपलब्ध विशेष सामान की लिस्ट बनाकर हमें भेजनी होगी। मसाले, खाद्य सामग्री, हैंडीक्क्राफ़्ट, दैनिक उपयोग की वस्तुएँ, सभी इसके अंतर्गत आते हैं। सभी क्षेत्रों की विशेषता अलग है। सभी समितियों को बारीकी से अध्ययन करना होगा।

संक्रांति पर्व भीआ रहा है। जैसा कि आप जानते हैं यह हमारा सबसे बड़ा आयाम है जो हमें ४ महीना व्यस्त रखता है। १५०० रूपये का उपहार हर कार्यकर्ता को समितियाँ देती हैं उसमें एक पोशाक आवश्यक है। उसके साथ में सभी समितियाँ अपने उपहार स्वयं निश्चित करेंगी। आपने अपने चैप्टर से पूर्णकालीन कार्यकर्ताओं की लिस्ट ले ली होगी। आचार्यों के उपहार की ज़िम्मेदारी ग्राम संगठन की होती है। हमें संक्रांति कार्य में जुट जाना है व अधिकतम धनसंग्रह के लिए यथा सम्भव जन सम्पर्क करना है। कार्यकर्ता सूची, वस्तु चयन, न्यूनतम दाम में ख़रीदी, कार्य कर्ता सम्मान, सावधानीपूर्वक वितरण व रिपोर्टिंग हर चरण में हमारी समितियाँ बहुत कुशल हो चुकी हैं यह गर्व की बात है।

इस बार वर्षाऋतु विलम्ब तक चली। अतः अब आने वाला समय वन यात्रा के लिए सर्वश्रेष्ठ है। 'चले गाँव की ओर' वनबन्धु परिषद का इस वर्ष का संकल्प है। अतः प्रवास करिए व विद्यालयों की सही स्थिति जानकर अपने योगदान देने का प्रयास कीजिए।

सुख, समृद्धि, आरोग्य की शुभकामना के साथ,

विनीता जाजू
सचिव
राष्ट्रीय महिला समिति

# Editorial Board

Smt. Lata Malpani

Smt. Vinita Jaju

Smt. Shobhana Paranjpye

Smt. Rashmi Chandak

## वनबंधु परिषद - AGM

वनबंधु परिषद की AGM २६-२७ अगस्त को भोपाल में संपन्न हुई। प्रथम बार राष्ट्रीय महिला समिति के अंतर्गत आने वाली सभी ३४ महिला समितियों के अध्यक्ष व सचिव को इसमें आमंत्रित किया गया। यह केंद्र के महिला शक्ति पर बढ़ते विश्वास का सूचक है। भोपाल समिति द्वारा मीटिंग, आवास, भोजन, भ्रमण व सांस्कृतिक कार्यक्रम की अति सुंदर व भव्य व्यवस्था की गई। महिलाओं ने केंद्रीय AGM पहली बार अटेंड की व बहुत सीखने को मिला। क़रीब ६० महिलाओं की उपस्थिति रही। राष्ट्रीय महिला समिति की भविष्य की योजनाओं पर अध्यक्ष लता जी मालपानी द्वारा प्रकाश डाला गया। इस वर्ष के कार्यों का प्रेज़ेंटेशन सचिव विनीताजी जाजू द्वारा दिया गया।अधिकतम सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी एक नया जोश व स्फूर्ति लेकर गए। सुप्रसिद्ध पर्वतारोही श्रीमती ज्योति आत्रे का सम्मान सभा में हुआ। एक गृहिणी का संकल्प पक्का हो व लगन हो तो उम्र की कोई सीमा नहीं। उपलब्धि पाने के लिए हर क्षण का उपयोग आवश्यक है, इस पर उन्होंने बहुत प्रभावशाली उद्बोधन दिया। भोपाल महिला समिति ने सभी व्यवस्थाओं में चैप्टर के साथ बहुत सहयोग किया।

विनीता जाजू

सेक्रेटेरी,

राष्ट्रीय महिला समिति..

## Ekal Exposition Edition 2:
## Online Exhibition की श्रृंखला में दूसरा सफल प्रयास!

राष्ट्रीय महिला समिति द्वारा वर्चूअल एग्ज़िबिशन की श्रृंखला में एकल एक्स्पोजिशन 2 का प्रदर्शन १ माह के लिए २६-९ से २५-१० तक किया गया है।

इस एग्जीबिशन का उद्घाटन देश विदेश की जानी-मानी ड्रेस डिजाइनर श्रीमती अनामिका खन्ना द्वारा किया गया।

नवरात्रि से दीपावली तक चलने वाली इस प्रदर्शनी को काफ़ी पसंद किया गया।

संयोजक नीमाजी जैन चेन्नई व छायाजी काबरा मुंबई हैं। सहसंयोजक ललिताजी जैन, गुवाहाटी, रेखाजी सराफ़ हैदराबाद, वीणाजी काबरा दिल्ली व शोभनाजी परांजपे पुणे ने सभी व्यवस्थाएं संभाली।

सुषमाजी डागा मुंबई, सरिताजी फोमरा चेन्नई, जयश्रीजी गोयल जमशेदपुर व माधवीजी झंवर इंदौर का भी सहयोग रहा।

सभी महिला समितियों के प्रयास से सम्पूर्ण भारतवर्ष से आए १३५ विभिन्न श्रेणियों के स्टॉल्स के साथ प्रदर्शनी बहुत सफल रही। सोशल मीडिया व inox में इसका बहुत प्रचार किया गया। देश विदेश से लाखों लोगों ने इस प्रदर्शनी को देखा और सराहा। इस प्रदर्शनी से प्राप्त धनराशि का उपयोग वनवासी बच्चों की शिक्षा और ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उपयोग में लिया जाएगा।

विनिता जाजू
सचिव,
राष्ट्रीय महिला समिति

Media Prabhari
Smt. Anuradha Agarwala

## आज़ादी का अमृत महोत्सव

दिनांक १५ अगस्त २०२२ को आज़ादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में धनबाद महिला समिति ने २ एकल विद्यालय, बलियापुर तथा गोविंदपुर में झंडोत्तोलन किया।

साथ साथ महिला समिति द्वारा संचालित दो सिलाई केंद्रों पर भी किया गया।झंडोत्तोलन

समिति की तरफ़ से ३० सदस्याएं मौजूद थी। एकल विद्यालयों में छात्र आचार्य तथा कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

बहुत ही मधुर वातावरण में राष्ट्रगान गाते हुए झंडोत्तोलन किया गया तथा छात्रों और कार्यकर्ताओं के बीच झंडे तथा मिठाई बाँटी गई।

सिलाई केंद्र की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें मधुर देशभक्ति के गीत गाकर पूरा समां देश भक्तिमय कर दिया।

यह कार्यक्रम बहुत सफल तथा मधुर रहा।

## शबरी बस्ती में जन्माष्टमी उत्सव

दिनांक १९ अगस्त २०२२ को वन बंधु धनबाद महिला समिति ने एकल फ़्यूचर के साथ मिलकर शबरी बस्ती में बाल गोपालो के साथ में जन्माष्टमी उत्सव मनाया।

समिति की तरफ़ से ७ सदस्याएं तथा एकल फ़्यूचर की ओर से ११ सदस्य मौजूद थे।

शबरी बस्ती से क़रीब २५ बाल गोपाल वहाँ आए थे। सब के बीच लड्डू और प्रसाद का वितरण किया गया तथा मिल जुलकर कान्हाजी का जन्मदिन मनाया गया।

उनके साथ भजन गाकर तथा उत्सव मना कर सभी को बहुत ही आनंद आया।

Media Prabhari
Smt. Nivedita Bernwal

## 'प्लास्टिक छोड़ो थैला उठाओ प्रोजेक्ट'

वन बंधु परिषद जमशेदपुर महिला समिति का 'प्लास्टिक छोड़ो थैला उठाओ प्रोजेक्ट' अगस्त महीने में लॉन्च हुआ। यह प्रोजेक्ट एक साथ कई आयामों को पूरा कर रहा है।
१.प्लास्टिक को छोड़कर हम पर्यावरण के प्रति जागरूकता व जिम्मेदारी निभा रहे हैं ।
२.शबरी बस्ती योजना के तहत थैले शबरी बस्ती की महिलाओं से सिलवा रहे हैं।
३.सभी थैलों पर 'फ्रेंड्स ऑफ ट्राइबल सोसाइटी जमशेदपुर' प्रिंट करवाया है। यह संगठन के प्रचार-प्रसार में सहायक हो रहा है। समिति ५०० थैलों का वितरण विभिन्न दुकानों में कर चुकी है तथा ५०० थैलों का आर्डर और मिला है।

## फोटो एल्बम विमोचन

महिला समिति ने सभी विद्यालयों का रिकॉर्ड रखने के लिए सभी संच के सभी विद्यालयों का फोटो एल्बम तैयार किया है। ५ संचो के ५ एल्बम तैयार किए गए हैं। एल्बम में सभी विद्यालयों के ३ फोटो लगाए गए हैं। एक आचार्य और बच्चों का चित्र, डोनर बोर्ड के साथ आचार्य का चित्र और गांव की महिला समिति कुछ विशेष गतिविधि होने पर उस कार्यक्रम की हार्ड कॉपी मंगा कर लगाई जाएगी।
इस एल्बम को तैयार करने के पीछे उद्देश्य डोनर्स को यह एल्बम दिखाकर विश्वास अर्जित करना है। इससे आचार्यों में भी अपने काम को लेकर उत्साह रहेगा और वे ज्यादा जागरूक होकर अपना काम करेंगे।
एलबम का विमोचन गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर १ सितंबर को एक रंगारंग कार्यक्रम में किया गया। नगर के प्रसिद्ध भजन गायक सोनू कुमार जी ने अपने भजनों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। अतिथी व महिला समिति ने बहुत ही उत्साह के साथ भाग लिया। आपसी मेलजोल से उत्साह व सौहाद्र बना रहता है।

## लॉकेट वितरण:

महिला समिति ने संस्कार शिक्षा के तहत एकल के सभी बच्चों के लिए लॉकेट बनवाया। लड़कियों के लिए दुर्गाजी का और लड़कों के लिए हनुमानजी का लॉकेट बनवाया है। मासिक वर्ग बैठकों में जाकर सभी शिक्षकों के बीच लॉकेट वितरित किया।

Media Prabhari
Smt. Sangita Kejariwal

## रक्षा बंधन:

कोलकाता महिला समिति द्वारा १३-१४ अगस्त को एकल भवन, कोलकाता में समन्वय वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में महिला समिति ने सभी अंचल से आये हुए कार्यकर्ताओं को तिलक करके राखी बांधी और मिठाईयां और उपहार देकर सत्कार किया। चैप्टर के पदाधिकारी, सदस्यों और आफिस के कार्यकर्ताओं को भी राखी बांधी। स्नेह और उत्साह से परिपूर्ण कार्यक्रम हुआ। महिला समिति की अंचल से जुडी सभी सदस्यायें समन्वय वर्ग में उपस्थित थीं।

## डांडिया

कोलकाता महिला समिति द्वारा २३ एवं २४ सितंबर को एकल भवन कोलकाता में दो दिवसीय गरबा डांडिया वर्कशॉप का आयोजन किया गया। चैप्टर व युवा समिति के सदस्यों ने भी इसमें भाग लिया। दो नई सदस्याएं भी जुड़ी।

Media Prabhari
Smt. Neeta Goel

## रक्षा बंधन:

६ अगस्त को दानापुर कैंट जाकर पटना महिला समिति की १५ सदस्याओं ने सैनिक भाइयों को राखी बांधी।

माहौल बहुत ही भावुक हो गया था।

१५ अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर पटना महिला समिति द्वारा झंडोतोलन किया गया। २ अनाथालय में बच्चों को नाश्ता भी कराया गया।

१८ अगस्त को पटना महिला समिति द्वारा शबरी बस्ती के अत्यंत निर्धन व्यक्ति को आजीविका हेतु १ ठेला प्रदान किया गया ।

१३- १४ अगस्त को संभाग समन्वय वर्ग की प्रादेशिक बैठक में पटना महिला समिति द्वारा भागीदारी की गई।

२८ अगस्त को पटना महिला समिति द्वारा युवा महिला समिति का गठन किया गया और उनको सेवा पात्र प्रदान कर उसका महत्व भी समझाया गया।

३० अगस्त को पटना महिला समिति द्वारा डांडिया महोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया ।इसमें करीब ७५ महिलाओं की भागीदारी रही।

Media Prabhari
Smt. Anita Tulsyan

वनबंधु परिषद रांची महिला समिति की AGM ५ अगस्त को सम्पन्न हुई जिसमें रांची महिला समिति की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। श्रीमती अनुपमा राजगढ़िया अध्यक्ष व श्रीमती अनीता तुलस्यान सचिव का पदभार सम्भालेंगी। सबने शुभकामना दी।

१० अगस्त को समिति ने एकल परिवार के साथ रक्षाबंधन मनाया। महिला समिति की सदस्यों ने प्रत्येक कार्यकर्ता को रक्षासूत्र बांधकर, उपहार व मिठाई देकर उनका अभिनंदन किया। इस शुभ अवसर पर श्रीमती अनुपमा राजगढ़िया, अध्यक्षा, श्रीमती अनीता तुलस्यान, सचिव और रांची महिला समिति की अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

जन्माष्टमी:

२२ अगस्त को रांची महिला समिति ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई। इस अवसर पर भजन मंडली ने भगवान के भजनों से सभी को मंत्रमुग्ध किया। इस शुभ अवसर पर माननीय श्यामजी गुप्त भी उपस्थित थे। उन्होंने सभा को श्री कृष्ण अवतार के महत्व के बारे में बताया और वहां उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया।

## आचार्य सम्मान समारोह:

१२ सितंबर को रांची महिला समिति ने आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान रामगढ़ अंचल के ३० आचार्यों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती रेखा जैन-सचिव पूर्व ज़ोन, चैप्टर व महिला समिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

२० सितंबर को रांची महिला समिति के द्वारा अनाथालय का दौरा किया गया। इस दौरान रांची महिला समिति की सदस्यों ने वहां के बच्चों से मुलाकात की ओर उन्हें स्टेशनरी सामग्रियां, टॉफी बिस्किट आदि दिया। श्रीमती अनिता तुलस्यान, सचिव, रांची महिला समिति और अन्य सदस्य इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित हुई।

Media Prabhari
Smt. Premlata Agarwal

## रक्षाबंधन उत्सव

वनबंधु परिषद महिला समिति गया ने, ३ अगस्त को मासिक मीटिंग में, १५ सदस्यों व ३ अतिथियों की उपस्थिति में, गांव से १५ कार्यकर्ताओं को बुलाकर रक्षाबंधन उत्सव बड़े धूमधाम से राखी बांधकर, मिठाई और उपहार देकर मनाया। सबने सुंदर भजनों का आनंद भी उठाया।

एकल एग्जीबिशन के बारे में भी चर्चा हुई।

## आजादी का अमृत महोत्सव

'आजादी का अमृत महोत्सव' तथा 'घर-घर तिरंगा' के उद्देश्य से ११ अगस्त को महिला समिति सदस्य चुनौती संघ पारसनाथ ग्राम में गए थे।
भारत माता और सरस्वती जी की पूजा और दीप प्रज्वलन व ॐ के उच्चारण से कार्यक्रम आरम्भ हुआ। गांव में बच्चों को तिरंगा और मिठाई के डिब्बे का वितरण किया। सभी ने मिलकर राष्ट्रगान तथा देशभक्ति के गीत गाए। सभी ने बच्चों के साथ हाथ में तिरंगा लेकर गांव का भ्रमण किया। पूरा कार्यक्रम बहुत ही आनंद दायक था।

## शिक्षक दिवस

९ सितंबर को ५ समिति सदस्य युवा संघ के साथ बैजूधाम गए थे। वहां भगवान शंकर जी का बहुत ही सुंदर मंदिर है। सबने भगवान के दर्शन किए तथा पूजा की।

शिक्षक दिवस मनाना मुख्य उद्देश्य था। गांव की ३० शिक्षिकाएं तथा ५ कार्यकर्ता आए थे।

सबने बहुत ही सुंदर कीर्तन किया तथा उसके बाद शिक्षक दिवस पर कुछ सदस्यों ने अपने विचार रखे। सभी अध्यापकों का सम्मान तिलक लगाकर व उपहार देकर किया गया। बच्चों में बैग, जूस, बिस्कुट, चिप्स आदि का वितरण किया गया। शांति पाठ से कार्यक्रम पूर्ण हुआ।

Media Prabhari
Smt. Tulika Bhadada

वनबंधु परिषद दिल्ली महिला समिति ने सुंदर कांड का पाठ, २९ सितम्बर को, मासिक बैठक में किया। ओंकार के साथ प्रारम्भ हुई बैठक की अध्यक्षता श्रीमती रेणुजी करवा ने की। ऑक्टोबर से दिसम्बर में होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा के बाद सुंदरकांड का पाठ किया गया।

२५ बहनों ने नवरात्रि उत्सव को मनाने हेतु किए गए इस पाठ में भाग लिया।

शान्ति पाठ एवं आरती के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई ।

Media Prabhari
Smt. Sheila Tambi

## स्वतंत्रता दिवस का अमृत महोत्सव

वनबंधु परिषद जयपुर महिला समिति ने स्वतंत्रता दिवस का अमृत महोत्सव जयपुर के एकल भवन पर चैप्टर अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों के साथ झंडारोहण कर उल्लासपूर्वक मनाया। समिति की सदस्य ने योग करते हुए एक वीडियो बनाई जिसे यूट्यूब पर भी डाला गया।हर घर तिरंगा को साकार करने के लिए सभी ने अपने परिवार के साथ अपनी तस्वीर अपने घरों से भेजी।

## शबरी बस्ती बच्चों के साथ गणेशोत्सव

महिला समिति के उत्साही सदस्यों द्वारा ८ सितंबर को सेन कॉलोनी हनुमान मंदिर शबरी बस्ती में २ से १५ वर्ष तक के बच्चों के साथ गणेशोत्सव व दिए सजावट का कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ ओम व हनुमान चालीसा के साथ हुआ। बच्चों ने गणेश जी की कहानी सुनाई। सदस्यों ने बच्चों को दिए सजाना सिखाक़र उसकी सामग्री भेंट स्वरूप दी।

बच्चों की खुशी और उत्साह सराहनीय था। गणेश उत्सव के अंतिम दिन आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में सदस्यों ने अपनी भागीदारी दी व राशन उपलब्ध कराया।शांतिपाठ व लड्डू वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## दिव्यांग आश्रम विज़िट:

महिला समिति के सदस्यों ने दिनांक ६ सितम्बर को तन, मन, धन से अपना घर आश्रम (दिव्यांग आश्रम जामडोली) का भ्रमण कर वहां के दिव्यांग बालक बच्चों के साथ समय बिताया।
सदस्यों ने दीपक बनाना सिखाया एवं उनके साथ कुछ देर के लिए हंसी के कुछ पल नाच गाकर बिताये। आश्रम के भंडारे के लिए अनाज व मसाले भेंट किए।
बालिकाओं को भेंट स्वरूप चूड़ियां व सेनेटरी पैड व बालकों कैरम बोर्ड दिया गया।

## वृक्षारोपण

महिला समिति द्वारा दिनांक १२ सितम्बर को एकल भवन के सौंदर्यीकरण हेतु चम्पा, लिली, एलोविरा, मनीप्लांट आदि पौधे लगाए गए।

## सखी संगम

सखी संगम समूह की पहली वर्षगांठ दिनांक १६ सितम्बर को मनाई गई, जिसमें बड़ी संख्या में सदस्यों की उपस्थित रही। सभी सखियों ने एक दूसरे को केक खिलाकर शुभ - कामनाएं दी।
सतत प्रयासों से सदस्य संख्या शीघ्र ही ५० पहुंचने वाली है।

अध्यक्ष सविता कोठारी जी ने महिला समिति की गतिविधियों का ब्यौरा दिया। वन यात्रा प्रभारी संगीता चांडक ने २४ सितंबर को जाने वाली वन यात्रा की जानकारी दी।

## शबरी बस्ती बच्चों के साथ गणेशोत्सव

दीपावली मिलन समारोह के उपलक्ष में एक घूमर वर्कशॉप का आयोजन १ से ५ अक्टूबर तक किया जा रहा है। मीनाजी ने सखी संगम की एक वर्ष की गतिविधियों और धन संग्रह का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। सभी ने महिला समिति के कार्यक्रमों में भाग लेने व नए सदस्यों को जोड़ने का संकल्प भी लिया।

## समन्वय बैठक

२३ सितंबर को एकल भवन जयपुर में अंचल, भाग, संभाग प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षण प्रमुख का ३ दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। महिला समिति ने प्रशिक्षण वर्ग में भाग लिया एवं समन्वय बैठक की गई जिसमे आगे के कार्यो के विषय में चर्चा हुई। समिति द्वारा आग्रह किया गया कि संभाग समन्वय की सभा 3 माह में करना चाहिये। आगामी बाल दिवस कार्यकम की रूपरेखा बनाई गई।

## नंदोत्सव

समिति ने दिनांक १६ अगस्त को कृष्ण जन्माष्ठमी के उपलक्ष्य में ४५ सदस्यों की उपस्थिति में नंदोत्सव मनाया। कार्यक्रम अत्यंत रोचक एवं भक्ति भाव से ओतप्रोत था। सभी सदस्यों ने बहुत सुंदर भजन एवं नृत्य की प्रस्तुति दी। रोचक गेम्स भी रखे गए।ऑर्गनिक हल्दी एवं शहद के बारे में जानकारी दी गई।

Media Prabhari
Smt. Jyoti Birla

## झंडारोहण

१५ अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर समिति के सदस्यों द्वारा झंडारोहण और वृक्षारोपण कायलना झील के किनारे किया गया। हर सदस्य ने अपने घर पर तिरंगा फहराया।

## स्नेह भोज व नवरात्रि

१० सितम्बर को महिला समिति के पुनर्गठन को एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सभी सदस्यों के लिए एक स्नेह भोज का आयोजन भी किया गया।

इस वर्ष के समिति दारा सेवा पात्र के लिए २२०००/- का संग्रह किया गया। ३ नए सदस्यों को समिति में जोड़ा गया।

नवरात्रि पर्व पर समिति द्वारा गरबा प्रशिक्षण का आयोजन १२ से १९ सितम्बर तक किया गया। जिसमें ३० बच्चों और महिलाओं ने गरबा रास सीखा। उद्देश्य एकल को जन जन तक पहुँचाना ही था।

एकत्रित राशि को एकल विद्यालय के बच्चों हेतु समर्पित कर दिया जाएगा ।

# Ahmedabad Mahila Samiti

Media Prabhari
Smt. Shilpa Parasrampuria

Vanbhandu Parishad Mahila Samiti Ahmedabad organized a visit of donors to Mahisagar Anchal for Van Yatra for establishing libraries in Ekal Vidyalayas. Smt. Nikita Shah donated 81 books which were distributed amongst 30 Ekal Vidyalayas. She also donated stationery items. Mahila Samiti invited her to inaugurate the Ekal Children's Library. Mahila Samiti visited three schools. Talented children from Ekal schools welcomed everyone with a wonderful performance. It was a humbling experience.

## Van Yatra

A full day picnic for members of the Mahila Samiti was organized in Nirvana Green Resorts (20 km from Ahmedabad) to celebrate Teej. Members played many group games including a specially curated Housie about the rainy season and Karva Chauth. Everyone enjoyed the games and food and had a great time.

Mahila Samiti always tries to combine work and play and this time informed new members about the importance of Seva Patra which is essential in Ekal's overall scheme of Each One Teach One. The event was curated and hosted by Vice President Vineeta Dad.

## Saavan Picnic

## Azadi Ka Amrit Mahotsav

The Mahila Samiti celebrated Azadi Ka Amrit Mahotsav with Ekal School children and their teachers at Adani Shantigram and Lioness Club Blind and Disabled Girls Hostel. The President of Ekal Ahmedabad Chapter, Mr Anil Somani welcomed all at Adani Shantigram. The National flag was hoisted in the presence of 125-130 people and Ekal children sang patriotic songs. The importance of Azadi Ka Amrit Mahotsav was expressed and everyone present were encouraged to take inspiration from Mahatma Gandhi's life.

The members then went to the Girls Hostel where, again the flag was hoisted and the girls presented a very nice programme. One blind, deaf and dumb girl won everyone's heart by performing beautiful Ghoomar. Later Ekal School children were taken to the beautiful Ahmedabad Lake by the Mahila Samiti members. The children relished the meal and were happy to receive the goodies bag before they boarded their bus to return to their villages after an interesting day.

## Janmashtami Celebrations

The members gathered at Ritaji Rastogi and Kusumji's house to celebrate Janmashtami with Kirtan, and Raas Garba. All participating members were treated to Makhan Mishri and tasty snacks.

## Bhajan-Kirtan

On 17th September Saritaji Lahotia invited the Mahila Samiti members for an evening of soulful music and bhajan followed by tasty prasad.

## Ganesh Visarjan

Mahila Samiti organized the festival of Ganesh Chaturthi at Kusumji's house. Everyone enjoyed the food and celebrations

Media Prabhari
Smt. Anupama Sharma

भोपाल महिला समिति द्वारा अगस्त माह में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में २७ एवं २८ अगस्त, २०२२ को भोपाल में आयोजित होने वाली केंद्र की एनईसी एवं एजीएम बैठक की तैयारी के लिए विशेष रूप से चर्चा कर सभी बहनों को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी पदाधिकारी एवं सदस्यों के स्वागत में भोपाल महिला समिति द्वारा दिनांक २६ अगस्त, २०२२ को भोपाल भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी अतिथियों को भोपाल की ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया गया। साथ ही प्रसिद्ध व्यंजनो का स्वाद दिलाने हेतु भोजन भी कराया गया।

भोपाल महिला समिति तथा चैप्टर द्वारा दिनांक २७ अगस्त, को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भोपाल महिला समिति द्वारा 'निर्माणों के पावन युग में' गीत पर नृत्य के साथ विशेष प्रस्तुति दी गयी, जिसकी उपस्थित सभी राष्ट्रीय कार्यकारिणी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने प्रशंसा की एवं तालियां बजाकार उत्साह वर्धन किया।

Media Prabhari
Smt. Meena Garg

## चलो गाँव की ओर:

इंदौर महिला समिति ने ४ अगस्त को अपने सखी संगम सदस्यों के लिए वन यात्रा का आयोजन किया। २०-२० सदस्यों के गुट, ३ टेम्पो ट्रैवलर्ज़ द्वारा तीन गाँव की ओर एक साथ रवाना हुए। रास्ते में सभी को वन बंधु, एकल विद्यालय, पंचमुखी शिक्षा की जानकारी दी गयी। सभी को सुस्वादु नाश्ते के पैकेट बस में ही दिए गए। गाँव में सबने विद्यालय में बच्चों के साथ संवाद किया, आचार्यों से विद्यालय सम्बंधित जानकारी ली। ग्राम प्रमुख, अभियान प्रमुख से मुलाक़ात की तथा बच्चों को पानी की बोतल, कापी, झंडे, इत्यादि वितरित किए। सभी साखियों के लिए यह एक नया अनुभव था। इसके पश्चात सभी सखियाँ सत्याधारा योग आश्रम में एकत्रित हुईं और वहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य व सात्विक भोजन का आनंद लिया। इस प्रकार इंदौर महिला समिति का यह एक सफल यात्रा व सुखद आयोजन रहा।

## झूला उत्सव

२ सितम्बर को इंदौर महिला समिति ने होटल श्रीमाया सिलेब्रिटी में, १२० सदस्यों के साथ झूला उत्सव मनाया।
इस उत्सव में समिति ने ५ गुटों में 'ताजे फूलों से झूला सजाओ' प्रतियोगिता रखी व ५ मिनट में हर गुट के द्वारा संयोजक को द्वारा दिए ३ विषयों -
१) झूला भजन २) गणपति जी ३) जैन त्यौहार में से एक पर भजन, नाटिका या नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। 'झूला सजाओ' में प्रथम 'आरोहिणी ग्रुप' रहा । प्रस्तुति राउंड में प्रथम 'स्वयंसिद्धा ग्रुप' रहा। परिक्षकों द्वारा पुरस्कार दिए गए और परिक्षकों को राँची से आयी हल्दी सम्मान स्वरूप दी गयी ।

## मन की बात

कभी कभी हम कुछ सोचते है, पर कह नहीं पाते। इस विचार को ध्यान में रख समिति ने मन की बात का एक गुल्लक बनाया, जिसमें कागज ऊपर लिखी हुई अपनी बात डालकर कर हर सदस्य उसे समिति तक पहुँचा सके। सभी ने मिल तम्बोला भी का आनंद लिया। पूरा माहौल फूलो की महक व रंगो में सराबोर मानो कृष्ण मय हो झूम उठा था। सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। इस तरह यह झूला उत्सव बहुत ही उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

Media Prabhari
Smt. Maheswari Muralidharan

## आज़ादी का अमृत महोत्सव

आज़ादी के अमृत महोत्सव को समिति ने बड़े उत्साह से Hanging Garden में मनाया। प्रचार प्रसार हेतु जगह जगह पर Friends of Tribals' Society (वनबन्धु परिषद) के बॅनर लगाए। विधायक ज्योत्सना बेन शाह व १५ पुलिस भाई भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। सभी ने बड़े हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रगीत व देशभक्ति के गीत गाए। सभी सदस्य सफेद केसरी व हरे रंग की वेशभूषा में आए थे। झंडा वंदन के बाद अल्पाहार की व्यवस्था भी की थी। मुंबई शहर में दूरी के करण समिति ने कई क्षेत्रों में झंडा वंदन किया।

जन्माष्टमी का त्यौहार समिति ने बड़े ही धूमधाम से सुषमा जी मालू के यहां कृष्ण राधा की मनमोहक झांकी के साथ मनाया।
ओंकार की ध्वनि के साथ मीटिंग की शुरुआत की, भजन गाए, रास गरबा किया। अंत में आमलाजी रुइया ने हम सभी कृष्ण है, इस बात को सरल तरीके से समझाया। सभी ने हमेशा की तरह नए व्यंजनो का आनंद उठाया। ५ विद्यालयों का संग्रह हुआ।

मुंबई महिला समिति ने गणेशोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया।
सभी बहनो ने भजन गाकर श्रद्धा के साथ गणेश जी का आशीर्वाद लिया।

Media Prabhari
Smt. Sumita Nawandar

## पानी की टंकी वितरण नागपुर महिला समिती

जल ही जीवन है, जल बिन सब सून है।

वन बंधु परिषद महिला समिति नागपुर के माध्यम से श्री विजय एवं श्रीमती पूजाजी अग्रवाल, आशीर्वाद इंडस्ट्री नागपुर द्वारा २५ पानी की टंकियाँ भेंट की गईं जो गोंदिया अंचल में पूर्णकालीन कार्यकर्ताओं को भिजवाई गईं। टांसपोर्ट खर्च भी विजयजी ने ही वहन किया। सम्पूर्ण वनबंधु परिषद की ओर से हार्दिक आभार व अभिनंदन।

वहां के पूर्ण कालीन कार्यकर्ताओं को इस भेंट से बहुत सहयोग होगा।

Media Prabhari
Smt. Aruna Lahoti

## आजादी का अमृत महोत्सव

वनबंधु परिषद महिला समिति पुणे एवं पुणे चैप्टर के संयुक्त विद्यमाने आयोजित 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम में करीबन १०० लोगों की उपस्थिति ने चार चांद लगा दिए। इसमें CSR donors, OTS donors, संक्रांति दानदाताओं एवं महिला समिति सदस्याओं का विशेष रूप से सहभाग रहा। प्रमुख दानदाताओं के हाथों ध्वजारोहण किया गया । गत ५ वर्षों के महिला समिति तथा चैप्टर के कार्य का संपूर्ण विवरण प्रस्तुत किया गया। CSR donors ने अपने वक्तव्य में कहां की भविष्य में भी इसी प्रकार से वे एकल से जुडे रहेंगे। 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम को संस्मरणीय बनाने हेतु दानदाताओं तथा सदस्यों के हाथो वृक्षारोपण भी किया गया। सभी के लिए चाय नाश्ते का आयोजन भी था। इस तरह संपूर्ण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## जन्माष्टमी का उत्सव:

पुणे महिला समिति ने जन्माष्टमी का उत्सव खूब जोरशोर से मनाया। समिति सदस्य सुनंदाजी काबरा ने अपने घर पर उत्सव का आयोजन किया था। बहुत ही सुंदर सजावट, नृसिंह अवतार की झाँकी, दहि हंडी तथा प्रसाद के साथ ३० महिलाओं की उपस्थिती में कार्यक्रम संपन्न हुआ। शोभनाजी परांजपे ने उपस्थित सदस्यों तथा अन्य महिलाओं को 'Ekal Exposition 2' की जानकारी दी।

Pune Mahila Samiti conducted Tree plantation, utilizing the donation of Rs 25000/-, given by Mrs Sunita Chitgopikar.

Due to very heavy rains, though it was not possible for Samiti members to travel to the village area. 3000 plants were transported, handed over to Acharyas and planted in and around the village areas. This became possible with the prompt support of Chapter Karyakarta, Sanch Samiti and Poornkalin Karyakartas. Description of the drive as narrated by Sanch Samiti:

## Tree plantation:

"दि. ७/९/२०२२ को सुबह राठी फार्म से लगभग ३००० पौधे लेकर हम १०:०० बजे निकल पडे। करीबन दोपहर ३:४० बजे दहीगाव में ( संच-धसई) पहुँचे। वहा पर धसई और खोपिवली इन दो संच के मिलाकर १७ आचार्य उपस्थित थे। बाद में मोरोशी संच के पौधे भोईरवाडी में संचप्रमुख-माधुरी रोंगटे के घर पर उतार दिये। ( उपस्थित आचार्य ७) उसके बाद न्याहाडी संच के पौधे वैतागवाडी गाव में ( उपस्थित आचार्य ५) और अंत में शिरोशी संच के पौधे मानीची वाडी गाँव में पहुँचा दिये। इसी तरह पाँचो संचो में एक ही दिन में पौधे पहुँचाने का काम पूरा हो गया। रात को ठीक ८:०० बजे हम न्याहाडी से निकले. जोर की बारीश और घने कोहरे को आरामसे पार करते हुए ठिक रात के ११:०० बजे जुन्नर में शामराव श्रोत्री के घर पहुँचे। जो पौधें उनको दिये गये, वह आचार्य, ग्राम प्रमुख, ग्राम या संच समिती सदस्यों के घरपर अथवा विद्यालय परिसर में अगले तीन दिन मे मतलब १०/९/२०२२ तक लगाने की सूचना दी"

Media Prabhari
Smt. Shweta Jaju

## दिवाली मेला

वनबंधु परिषद, सूरत चैप्टर महिला समिति द्वारा २८ एवं २९ सितम्बर, २०२२ को एकल दिवाली मेला का भव्य आयोजन बहुत ही कुशल संयोजन में सम्पन्न किया गया। मेले में ६२ स्टॉल तैयार किये गये थे, जिन्हें शहर के टेक्सटाईल, हस्तकला, ज्वैलरी, आयुर्वेदिक, घरेलु सजावटी सामान, सौन्दर्य प्रसाधन आदि विक्रेताओं को अलॉट किये गये थे। २ स्टॉल एकल ग्रामोत्थान फाऊंडेशन के अन्तर्गत गुजरात के सोनगढ़ में संचालित ग्रामोत्थान केन्द्र के उत्पादों के लिये लगाया गये थे। केन्द्र में उत्पादित हल्दी, रागी के पापड़ व चिप्स, ग्रामीण महिलाओं द्वारा गाय के गोबर से बनाये गये दिवाली की सजावट के दीपक आदि वस्तुएं एकल द्वारा मार्केटिंग के लिये रखी गई थी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सूरत की कोर्पोरेटर श्रीमती रश्मि साबू एवं अतिथि विशेष पूर्व मेयर श्रीमती सुष्मा अग्रवाल का स्वागत महिला समिति की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती विजया कोकड़ा एवं अध्यक्ष श्रीमती अशिता नांगलिया द्वारा किया गया। मंत्री श्रीमती ज्योति पंसारी ने अतिथि परिचय दिया।

कार्यक्रम का संयोजन एवं सभी व्यवस्था श्रीमती रितु गोयल, श्रीमती पद्मा तुलस्यान, श्रीमती डिम्पल फतेहपुरिया एवं श्रीमती मुक्ता कानोडिया द्वारा किया गया। ग्रामोत्थान स्टॉल का काम काज ग्रामोत्थान के मंत्री श्री संदीप बंसल के मार्गदर्शन में किया गया।

मेला आयोजन के साथ-साथ एकल कार्यों का प्रचार-प्रसार महिला समिति द्वारा सोशल मिडिया के माध्यम से शहर के लगभग 7 हजार से अधिक परिवारों तक पहुचाया गया। मेला स्थल पर लगाई गई स्क्रीन पर एकल की फिल्मों का प्रदर्शन, माईक पर एकल कार्यों की घोषणा, बैनर्स, पोस्टर्स आदि से व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ।

कार्यक्रम हर दृष्टि से सफल एवं उत्तम रहा।

Media Prabhari
Smt. Anita Jain

## रक्षा बंधन:

वनबंधु परिषद बेंगलुरु महिला समिति ने अपने चैप्टर के अंतर्गत एकल स्कूल के आचार्यों को राखियाँ भिजवा कर उनको प्रेम सूत्र में बांधने का कार्य हर वर्ष की तरह किया। राखी प्रभारी श्रीमती बीना अग्रवाला के प्रयासों व महिला सदस्यों के सहयोग से समिति कर्नाटक के ५ अंचलों के ७५५ विद्यालयों में क़रीबन २११०० राखियाँ भेजने में सफल हुई है। विशेष उल्लेखनीय यह है कि कुछ सदस्यों ने राखियाँ स्वयं घर पर ही बना कर दी और ३० सदस्यों ने नकद देकर अपना सहयोग दिया। सदस्यों ने शुभकामना संदेश के साथ राखियों को हर स्कूल के लिए अलग पैकेट में पैक किया व भिजवाया।

## शिक्षक दिवस

बेंगलुरु महिला समिति ने ३ सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया। गंगावती अंचल से २१ महिला आचार्यों व एक कार्यकर्ता को नगर यात्रा के लिए आमंत्रित किया गया। उनके भोजन व बेंगलुरु के प्रमुख दर्शनीय स्थलों के भ्रमण का प्रबंध किया गया। तस्वीरों के रूप में सुखद यादें बनी।

दोपहर बाद सांस्कृतिक व मनोरंजन प्रोग्राम रखा गया जिसमें समिति सदस्यों ने भाग लिया। सभी एकल आचार्यों का विधिवत परिचय देते हुए उनका सम्मान किया गया, साथ ही एकल से जुड़ी कई शिक्षक महिला सदस्यों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एकल आचार्यों ने बहुत सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। समिति की ओर से कई प्रकार के खेलों का आयोजन करके शिक्षकों का मनोरंजन किया गया।
अध्यक्ष बबिताजी के नेतृत्व में समिति के सभी सदस्यों ने अपनी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई।
शाम को हाइ टी, डिनर और वापसी की सुंदर व्यवस्था थी। सप्रेम भेंट स्वरूप आचार्यों को एक साड़ी, १० मीटर पर्दे का कपड़ा व प्रसाद दिया गया। शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान बहुत संतोषदायक अनुभव था।

## वनयात्रा

महिला समिति ने २१ सितंबर को चामरा जनगर अंचल के मल्लाहल्ली गाँव में वनयात्रा की। इस यात्रा में समिति अध्यक्ष बबिताजी व वनयात्रा प्रभारी नीरू जी सहित १० महिलाएँ शामिल हुई, जिसमें एक ही परिवार की तीन पीढ़ियों से नानी, माँ और बेटी जुड़ी।

यात्रा का मुख्य उद्देश्य दिया पेंटिंग प्रोजेक्ट करना और एकल बच्चों के साथ दीपावली और दशहरा मनाना था। इन त्योहारों का औचित्य बताक़र हर बच्चे को १० दिये रंग भरने को दिए गए, जिन्हें बेंगलुरु की एक प्रदर्शनी में राष्ट्रीय महिला समिति की स्टॉल में बेचने के लिए रखा गया। समिति सदस्यों ने साथ में दीये जलाकर दीपावली का उत्सव मनाया। सभी बच्चों को उपहार दिए गए। आचार्यों से विद्यालय से जुड़ी जानकारी हासिल की। बच्चों को रोज़ पढाई करने को प्रेरित किया। आचार्यों के साथ सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद भी लिया।

Media Prabhari
Smt. Bina Maheshwari

वनबंधु परिषद चेन्नई महिला समिति द्वारा, ९ अगस्त को जन्माष्टमी एवं स्वतंत्रता दिवस इस्कान मंदिर में मनाया गया। एक बस में ३४ सदस्य साथ में गए। मंदिर में भजन एवं नृत्य प्रसादी के साथ-साथ भगवान कृष्ण से संबंधित खेल खिलाए गए।

ओंकार एवं एकल गीत के साथ मीटिंग की शुरुआत हुई। राष्ट्रीय महिला समिति अध्यक्षा श्रीमती लता जी मालपानी एवं संयुक्त संगठन सचिव श्रीमती विमला जी दमानी की उपस्थिति रही। अगस्त महिना सेवा पात्र का होता है। लता जी द्वारा सेवा पात्र के महत्व को समझाया गया। काफी सदस्यों ने सेवा पात्र में अपना योगदान दिया।

आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष पर सभी को राष्ट्रीय ध्वज दिया गया और १५ अगस्त के दिन झंडा वंदन करने के लिए कहा गया।

शांति पाठ के साथ मीटिंग की समाप्ति हुई।

Media Prabhari
Smt. Maheswari Muralidharan

On August 13th, Kochi Mahila Samiti celebrated Azadi Ka Amrit Mahotsav on zoom platform. Wayanad Anchal did Bharath Mata Pooja by lighting lamps on the Indian map signifying the 'Lighting the Lamp of Knowledge' and by singing patriotic songs. Anchal samiti members, karyakartas, Acharyas along with children joined online and took part in the devotional celebration. With 20 members online and tricolour decorations as background, with flags and balloons, it was a wonderful event. All members with their children and grandchildren participated in singing Desh Bhakti Geets, dancing and reciting patriotic poems. Little Bharath Mata added charm to the program. Fancy Dress competition for Ekal Vidhyalaya children was also organized. Children from all the three Anchals participated and three best dressed students were given cash prizes of Rs. 1000, Rs. 750, Rs. 500 and consolation prize of Rs.250 was also given. On the occasion of Onam festival in September, when king Bahubali is welcomed by the state with floral carpets called 'Pookalam'; Mahila samiti held a Pookalam competition for Samiti members and distributed the prizes. Pookalam Competitions was also held for all Ekal Vidhyalayas and cash prizes was distributed.

Media Prabhari
Smt. Sarika Kejariwal

रक्षाबंधन एवं आजादी का अमृत महोत्सव

वनबन्धु परिषद डिब्रूगढ़ महिला समिति द्वारा दिनांक १० अगस्त २०२२ को डिब्रूगढ़ प्रशिक्षण केंद्र में चल रहे १० दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग का समापन समारोह किया गया। आचार्य प्रशिक्षण समापन समारोह के साथ रक्षाबंधन एवं आजादी का अमृत महोत्सव भी मनाया गया।

वनबन्धु परिषद डिब्रुगढ़ महिला समिति द्वारा दिनांक ३ अगस्त को दो संगठनों, JCI डिब्रूगढ़ रॉयल्स और D.M.D.A., के सहयोग से रीनवुड टी इस्टेट में पेड़ लगाए गए।

डिब्रूगढ़ के १० संचों में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संच के हर विद्यालय से श्रेष्ठ बच्चों ने भाग लिया। २१ तारीख को यह प्रतियोगिता हुई। खेल प्रतियोगिता के फाइनल में खेलने के लिए सभी गांवों से कुल ५०० बच्चे डिब्रूगढ़ आएंगे। महिला समिति के साथ अंचल के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई जिसमें १५ कार्यकर्ता उपस्थित थे। गांव गांव में चल रही गति विधियाँ, कथाएं, और अन्य कार्यक्रमों की विशिष्ट जानकारी दी गयी। हर संच में कितने विद्यालय चल रहे है यह भी बताया गया। बैठक में महिला समिति की और से सलाहकार इंदु देवड़ा, अध्यक्ष श्रुति केजरीवाल, सचिव सारिका मोदी उपस्थित रही।

५ सितंबर को शिक्षक दिवस पर हर संच से दो आचार्यों को सम्मानित किया गया। कुल २० शिक्षक जो अपनी गुणवत्ता और कार्यकुशलता में श्रेष्ट पाये गए, उन्हें ने उपहार देकर सम्मानित किया गया।

Media Prabhari
Smt. Vandana Bagaria

## स्वाधीनता दिवस

वनबंधु परिषद गुवाहाटी महिला समिति ने चैप्टर के भाइयों एवं कार्यकर्ताओं के साथ स्वाधीनता दिवस के अवसर पर एकल भवन के प्रांगण में ध्वजारोहण करके देशभक्ति के गीत गाते हुए राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया।

इसके साथ ही हमारे कार्यकर्ता भाइयों एवं विशेष रूप से असम के राज्यपाल महामहिम श्री जगदीश मुखी एवं मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्माजी को राखी बांध कर बहनों ने एकल के कार्यो के विस्तार से अवगत करवाते हुए राखी का उत्सव मनाया।

गुवाहाटी महिला समिति ने असम के मुख्य मंत्री असम के गौरव, माननीय श्री हिमन्त विश्व शर्मा के कलाई पर राखी बांधने का गौरव प्राप्त किया। उन्होंने महिला समिति को श्रीमद् भगवत गीता की पुस्तक स्थानीय भाषा आसामी में अनुवाद की हुई उपहार में दी।

## जन्माष्टमी का उत्सव

समिति ने अगस्त की मासिक बैठक में जन्माष्टमी का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जिसमें सदस्यों ने भजन व नृत्य नाटिका की सुंदर प्रस्तुति दी।

समिति ने महत्वपूर्ण विषयों जैसे आने वाले Ekal Exposition 2, शिक्षक दिवस, सितंबर में होने वाले महिला समिति की वार्षिक प्रदर्शनी को सफल बनाने पर चर्चा की गई।

## शिक्षक दिवस

शिक्षक दिवस के अवसर पर महिला समिति ने, चैप्टर के सहयोग से, उत्तर पूर्वोत्तर के, ९०% अधिक अंक प्राप्त करने वाले २८ श्रेष्ठ आचार्यों को, गुवाहाटी के नगर वासियों के साथ आयोजित की गई बड़ी सभा में सम्मानित किया।

आचार्यों ने भाव विभोर शब्दों में एकल से जुड़ने के बाद उनके जीवन में आए परिवर्तन को बहुत सुंदर शब्दों में व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के असम प्रांत के कार्यवाहक श्री खगेन सैकिया ने शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए उनके गुणों की व्याख्या की। सभी सम्माननीय अतिथि मंत्रमुग्ध होकर लौटे।

## स्वावलंबन की उड़ान

स्त्री में शक्ति, समृद्धि और स्वाभिमान के साथ धन संचय के प्रति जागरूकता लाने के लिए, एक आशा और जिज्ञासा उत्पन्न करने के लिए समिति ने 'सेपियंट' नामक एक फाइनेंसियल कंपनी के सीएसआर प्रोजेक्ट के तहत अपनी समिति के साथ साथ गुवाहाटी की अधिकतर महिला समितियों को आमंत्रित किया ताकि स्त्रियां अपने निजी धन संचय और उसे बढ़ाने के तरीकों के बारे में अपने बलबूते पर सीख सकें। इसमें बहुत अधिक संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई और इस ज्ञान का लाभ उठाया।

पहले एकल की फिल्म दिखाई और विस्तार में अपने कार्यों को लोगों तक पहुंचाया। इस ज्ञान -वर्धक प्रयोगशाला के माध्यम से एकल का प्रचार गुवाहाटी की सभी संस्थाओं की महिलाओं के बीच समिति कर पाई। कुछ महिलाओं ने समिति से जुड़ने की मंशा जताई।

## हिन्दी दिवस:

महिला समिति ने हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में सदस्यों के बीच वर्चूअली कहानी और कविता की प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें काफ़ी सदस्यों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया।

हिन्दी भाषा के प्रति सभी का लगाव देखते ही बनता था। सभी प्रस्तुतियाँ इतनी उत्कृष्ट थीं कि सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रतियोगिता न होकर यह हिन्दी भाषा के प्रति हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है।

Media Prabhari
Smt. Neeru

## आचार्यों के साथ बात

वनबन्धु परिषद सिलचर महिला समिति ने आचार्यों के साथ बैठकर बात की और कुछ नए और कुछ पुराने कपड़े दिए। साथ ही उनको खीर जलेबी भी खिलाई।

सिलचर महिला समिति ने २६ सितम्बर को नवरात्रि के पहले दिन अपनी समिति की ओर से अपने घरो में में भजन संध्या का आयोजन किया और नए लोगो को भी इस संध्या में जोड़ा।

## भजन संध्या

## एकल मेला

सिलचर महिला समिति ने २५ सितम्बर को एकल मेला रखा। सिलचर की ही महिलाओ ने भी अपना स्टॉल लिया। और खाने के स्टॉल भी १० थे और कपड़े, क्रॉकरी, भगवान के कपड़े, सरिया इनके भी १० स्टॉल थे। समिति ने २० kg हल्दी भी बिक्री की और सेवा पात्र में भी कुछ राशि आई और कुछ लोगो को सेवा पात्र भी दिया। मेला ३ बजे शुरू हुआ और रात को ९ बजे तक चला। सबका पूरा योगदान था। You Tube का पंचपुराण चैनल ने रिकॉर्डिंग की और इस तरह एकल मेला से एकल का प्रचार हुआ।

Wishing you and your family a very happy and prosperous Diwali
as you continue to take up your social responsibility and work together
for the upliftment of the underpriviledged.

*Thankyou*